>

Title: Need to set up a custom office in Dighlabank division on Indo-Nepal border with a view to check infiltration, drug trafficking and flow of illegal weapons and fake currency.

श्री मोहम्मद असरारुल हक़ (किशनगंज): सभापति महोदय, मैं आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे अपनी बात कहने का मौका दिया। मैं आपके जरिए सरकार के सामने यह बात रखना चाहता हूं कि बिहार की 728 किलोमीटर लम्बी खुली सीमा नेपाल से मिली हुई है। जिस तरह हाउस में पूर्वांचल और मिथलांचल का जिक्र हुआ, ऐसा ही एक इलाका सीमांचल का है। मैं बताना चाहता हूं कि पूर्वांचल और मिथलांचल के जिस पिछड़ेपन का जिक्र किया गया है, उससे बहुत ज्यादा बुरी हालत सीमांचल की है। इसी सीमांचल का एक निर्वाचन क्षेत्र किशनगंज है, जिससे मैं चुनकर आया हूं। पूरा किशनगंज नेपाल की सरहद पर है। वहां गरीबी तो है ही, लेकिन तालीम की भी कमी है। लेकिन खुली हुई सरहद होने की वजह से बाहर से आना-जाना है, लोग नेपाल की तरफ से आ रहे हैं। कुछ दिनों से वहां व्यावसायिक गतिविधियां भी बढ़ रही हैं। दूसरी तरफ उस इलाके से घुसपैठ हो रही है और नशीले पदार्थों की आवाजाही भी हो रही है। इसी तरह अवैध हथियार, जाली करैंसी के आने का भी सिलसिला होता है। वहां एक तरफ कारोबार बढ़ रहा है, दूसरी तरफ वह गरीब इलाका है। हम चाहते हैं कि यदि वहां कस्टम का बाकायदा कार्यालय बना दिया जाए तो वह तिजारत नियमित हो जाएगी और वहां के लोगों को फायदा पहुंचेगा। वहां जो गलत गतिविधियां चल रही हैं, उसके जरिए हम उन पर भी पाबंदी लगा सकेंगे। मैं आपके माध्यम से सरकार से अपील करता हूं कि वहां कस्टम कार्यालय बनाया जाए।